C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
द्वितीयं ब्रह्मचारिणी



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:07 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला कमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 89 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 23 सितम्बर 2025

नवरात्रि का दूसरा दिन मां...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### साइबर ठग के खिलाफ तहरीर सौंप कर मुकदमा

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने साइबर थाने में साइबर ठग के खिलाफ तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया है। सोफी तहरीर में रामपुर रोड निवासी अनिरुद्ध साह पुत्र अशोक कुमार ने रुद्रपुर स्थित साइबर थाने में तहरीर सौंप कर कहा है कि उसके पास पंडित जी ने फोन करके कहा कि इसका एक मरीज सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती है जहां उन्हें मेडिकल से दवाई खरीदनी है उसके लिए 14000 रुपए की आवश्यकता है पीड़ित ने पंडित जी को अपने फोन से चौदह हजार रुपए दे दिए जैसे ही पीड़ित में पंडित जी को अपने फोन से रुपए दिए तभी उसके अकाउंट से 91 हजार रुपए की नगदी गायब हो गई। अकाउंट खाली होता देख उसके पैरों के नीचे से धरती खिसक गई और उसने जब पंडित जी को दोबारा से फोन किया तो उसे व्यक्ति ने पीड़ित का फोन भी नहीं उठाया उसको अंदेशा हो गया कि उसके साथ साइबर ठगी हो गई है अनिरुद्ध ने पुलिस को तेरी सौंप कर साइबर ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पड़ोसी ने दौरान महिला की आंख में चाकू घोंपा

**हल्द्वानी।** बेटे से मारपीट की शिकायत लेकर पड़ोसी के घर गई महिला को पड़ोसी ने मारपीट करते हुए उसकी आंख में चाकू घोंप दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया गया। घायल पत्नी के पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पीड़ित जगजीत साहू निवासी इंदिरानगर बनभूलपुरा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 16 सितंबर की दोपहर उनका बेटा आनंद साहू अपने दोस्तों संग घर के पास बैठा था। आरोप है कि तभी पड़ोस में रहले वाला मनीष साहू वहां आया और उसके बेटे को मार कर भाग गया। तहरीर में कहा कि जब इस बात की शिकायत लेकर उनकी पत्नी अनीता देवी मनीष के घर पहुंचीं तो वहां मनीष के पिता सुलाब चन्द्र साहू और माता लालती साहू ने उनसे हाथापाई शुरू कर दी और इतना ही नहीं उन्होंने अनीता के आंख में चाकू से हमला कर दिया।

## हल्द्वानीवासियों को आगामी त्योहारों पर विद्युत कटौती से जूझना पड़ेगा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

ऊर्जा प्रदेश को अब विद्युत कटौती से जूझना पड़ेगा दीपावली सहित आगामी त्योहारों से पहले उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने शहरवासियों को बड़ा झटका दिया है। लाइनों की मरम्मत और पेड़ों की लॉपिंग-चॉपिंग के बहाने 24 सितंबर से 13 अक्टूबर तक अलग-अलग इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि यह शटडाउन अनिवार्य रखरखाव के लिए है, लेकिन उपभोक्ताओं को दिनभर बिजली संकट झेलना पड़ेगा।



24-25 सितंबर- रानीबाग, गौलापार, 27 सितंबर- पिटकुल के 220 केवी कमलुवागांजा सब स्टेशन से जुड़े काठगोदाम व कमलुवागांजा फीडर, 29 सितंबर- कालाढूंगी रोड चौराहा, 30 सितंबर- 13 बीघा बिजलीघर, 3 अक्टूबर- नैनीताल रोड, सुभाषनगर, मुखानी, रानीबाग, दानीबंगर, 4 अक्टूबर- पिटकुल फीडर (सात घंटे का शटडाउन), 6 अक्टूबर-स्टेशन रोड, नवाबी रोड, आवास विकास, कालीचौड़, 7 अक्टूबर्र- गांधीनगर, हाइडिल गेट, शीशमहल, 8 अक्टूबर- बरेली रोड, नई बस्ती, गायत्रीनगर, 9 अक्टूबर-रामपुर रोड, उजालानगर, राजपुरा, काल टैक्स, 10 अक्टूबर- आजादनगर, धान मिल, 11 अक्टूबर- बाजार क्षेत्र, मंडी, 13 अक्टूबर- तिकोनिया और आसपास के इलाके, त्योहारी मौसम में लंबे दिन का यह बिजली संकट व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी बन सकती है ऐसे में कारोबार पर भी फर्क पड़ेगा।

## काशीपुर द्रोण सागर डैम की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में सुनवाई 25 को

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने काशीपुर के द्रोण सागर डैम की जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण व यहां स्थित ऐतिहासिक मंदिरों आने वाले चढ़ावे का दुरुपयोग करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने जिलाधिकारी उधमसिंह नगर से 25 सितंबर (वीरवार) तक रिपोर्ट पेश करने को कहा है, साथ ही कोर्ट ने कहा है अगर जिलाधिकारी रिपोर्ट पेश नहीं करते है तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश जारी किए जाएंगे।

छह प्रस्तावों पर लगाई धामी सरकार ने मुहर

# सीएम धामी सरकार ने दी महक क्रांति नीति को मंजूरी

देहरादून

हमारे संवाददाता

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड कारागार के ढांचे का पुनर्गठन मंजूर किया गया। कई नए पदों को इसमें शामिल किया गया। 27 पद स्थायी, बाकी आउटसोर्सिंग के माध्यम से होंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में छह प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। इस दौरान महक क्रांति नीति को मंजूरी दी गई। नीति के पहले चरण में 91,000 लाभार्थियों के माध्यम से 22,750 हेक्टेयर भूमि पर अरोमैटिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। डीजी सूचना बंशीधर तिवारी ने कैबिनेट की ब्रीफिंग की। बताया कि रोमैटिक प्लांट्स पर अब सब्सिडी मिलेगी। एक हेक्टेयर तक लगाने वालों को 80त्न और इससे अधिक जमीन पर 50त्न सब्सिडी दी जाएगी।

**दूसरा:** उत्तराखंड कारागार के ढांचे का पुनर्गठन मंजूर। कई नए पदों को इसमें शामिल किया गया। 27 पद स्थायी, बाकी आउटसोर्सिंग के माध्यम से होंगे।



**तीसरा:** 1872 ईडब्ल्यूएस भवनों के निर्माण में अतिरिक्त 27 करोड़ राज्य सरकार देगी। रुद्रपुर में बन रहे हैं पीएम आवास के भवन।

**चौथा:** दूरदर्शन के माध्यम से हो रहे प्रसारण के लिए आठ नए पदों को स्वीकृति दी गई। यह शिक्षा विभाग के अंतर्गत है। एससीईआरटी टीवी चैनल के माध्यम से प्रसारण कराता है। उन छात्रों के लिए लाभदायक है, जो किसी कारण क्लास में नहीं जा सकते।

**पांचवां:** उत्तराखंड राजकीय प्रारंभिक शिक्षा सेवा नियमावली के तहत विशेष शिक्षा के पदों पर सितंबर 17 से मार्च 2019 तक के दूरस्थ शिक्षा से डीएलएड पास युवाओं को भी आउटसोर्सिंग से मौका मिलेगा इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्य का फैसले के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। दिव्यांग से विवाह करने वालों को 25,000 के बजाय 50,000 रुपये अनुदान मिलेगा।


## आरोपी अभ्यर्थी खालिद की बहन साबिया गिरफ्तार, मददगार की तलाश में भी जुटी पुलिस

हरिद्वार

हमारे संवाददाता

एसएसपी अजय सिंह ने हरिद्वार के लक्सर थानाक्षेत्र के सुल्तानपुर से साबिया की गिरफ्तारी होने की पुष्टि की है। वहीं, आयोग का कहना है कि चूंकि मामला एक परीक्षा केंद्र पर एक छात्र से जुड़ा है, इसलिए पेपर लीक नहीं हुआ। लिहाजा, परीक्षा रद्द नहीं होगी।

परीक्षा के प्रश्नपत्र के तीन पन्ने बाहर भेजने के मामले में पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक मुख्य आरोपी और अभ्यर्थी खालिद की एक बहन साबिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया है। पुलिस यह दावा जरूर कर रही है कि उनकी टीम खालिद के नजदीक है। इस मामले में एसटीएफ को एक मिसिंग लिंक की तलाश है, जो हरिद्वार स्थित उक्त परीक्षा केंद्र पर खालिद का मददगार रहा है। यह वही शख्स है, जिसने सेंटर के अंदर मोबाइल पहुंचने में बड़ी भूमिका निभाई। उसकी गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा। दूसरी ओर खालिद की एक दूसरी बहन हीना और लीक प्रश्नों के जवाब तैयार करने वाली सहायक



प्रोफेसर सुमन अभी भी पुलिस हिरासत में है।

इस पूरे मामले की विवेचना की जिम्मेदारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जया बलूनी को सौंपी है। विवेचक बलूनी के नेतृत्व में टीम ने घटना से जुड़ी कड़ियों को जोड़ना शुरू कर दिया है। जांच टीम ने तत्काल हरिद्वार पहुंचकर आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज, बहादरपुर जट का गहन निरीक्षण किया। इसी केंद्र से प्रश्न पत्र बाहर आया था। टीम ने परीक्षा केंद्र के प्रिंसिपल, कक्ष निरीक्षकों और अन्य गवाहों से लंबी और विस्तृत पूछताछ की है। विवेचना के दौरान घटनास्थल के निरीक्षण, गवाहों के बयानों और साइबर व सर्विलांस द्वारा जुटाए गए महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर, पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

## किच्छा में करीब 46 लाख रूपये की हीरोइन के साथ नशा तस्कर दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसटीएफ कुमाऊं की एएनटीएफ यूनिट और कोतवाली किच्छा पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 152.39 ग्राम अवैध हीरोइन बरामद की।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत एसटीएफ की एएनटीएफ यूनिट कुमाऊं को सभी जनपदों में कड़ी निगरानी रखते हुये कार्रवाई को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि एएसपी स्वप्न किशोर सिंह व सीओ आरबी चमोला के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व में उत्तराखंड एसटीएफ की एएनटीएफ ने कोतवाली किच्छा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए लालपुर से एक हीरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर के कब्जे से 152.39 ग्राम अवैध हीरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त संतोख सिंह निवासी लालपुर, गुरूद्वारे के पास किच्छा। एसटीएफ की एएनटीएफ के निरीक्षक पावन स्वरुप, एसआई विपिन चंद्र जोशी, एसआई विनोद चंद्र जोशी, एएसआई जगवीर शरण,हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह, वीरेंद्र चौहान, इसरार अहमद समेत कोतवाली किच्छा पुलिस टीम एसआई बसंत कुमार, किशोर कोहली, देवराज, बृजमोहन आदि शामिल रहे।

## राममय हुआ हल्द्वानी नगर, राम बारात का पुष्प वर्षा से स्वागत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा राधा कृष्ण मन्दिर अयोध्या पुरी से रामलीला मैदान जनकपुरी तक भव्य राम बारात निकली गई।

बारात में लगभग 20 हजार भक्तों शामिल हुए पूरा शहर राम मय हो गया।बारात सबसे आगे विशाल भगवा ध्वज उसके बाद काली माता का अखाड़ा हरिद्वार आई गंगा आरती कुमाऊं की संस्कृति को दर्शाते हुए माँ नंदा सुन्दा की झांकी महाराष्ट के ढोल ऊंट घोड़े बाबा नीम करौली महाराज की झांकी प्रेमा नंद महाराज की झांकी खाटू श्याम बाबा की झांकी छोलियां नृत्य हनुमानजी के 11सरुप बागेश्वर धामी की झांकी राजस्थानी कच्ची घोड़ी के कलाकार बरेली से आए गोरिल्ला



झांकी। खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा राधा कृष्ण भगवान की मनमोहक झाकी।

रथ में भरत जी शत्रुघ्न जी राजा दशरथ जी गुरु वशिष्ठ विराजमान थे। महिलाएं पुरुषों ने इस दौरान जमकर नृत्य किया। रामलीला मैदान पहुंचने बारातियों जनक पुर वासियों ने पुष्प वर्षा कर मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया। संसद अजय भट्ट, मेयर गजराज बिष्ट, विधायक सुमित हृदेश, गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, काग्रेस नेता ललित जोशी, सुरेश पाल, चौधरी समर पाल, गोपाल पाल, प्रतीक पाल, सन्नू पांडे , हैप्पी अटवाल, विजय पाल, ज्ञानचंद, दीपक अग्रवाल, पृथ्वी बोरा, शुभम बजाज, रजत गर्ग, अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, शिव कपूर, हेमन्त साहू, गोविंद बिष्ट, अमित आशवानी, मुरली मुलानी, रूपेंद्र नागर, नंद किशोर जायसवाल, पंकज गुंबर, अंकित पाल, पंडित विवेक शर्मा, अन्नू अग्रवाल , सन्नी कपूर, पदमपाल, सुशील गुप्ता , सुनील गुप्ता, सूरज लम्बा, दिनेश अग्रवाल, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, सन्नी कपूर, अशोक सिंधी, धर्मेन्द्र साहू, राजू जायसवाल, दीपांशु शर्मा, तरुण, नन्हे कश्यप, तेजवानी, विपिन गुप्ता, राम रूप गुप्ता, मनोज मठपाल, प्रदीप कक्कड़, राजेश सरपंच चौधरी, अमर पाल, पार्षद प्रीति आर्या, मलय बिष्ट , कमल मुनि जोशी, राम जी लाल गुप्ता, लग्जरी गाड़ी में संरक्षक स्वर्ण लाल चौधरी समर पाल सवार थे।

# राष्ट्रीय पेंचक सिलाट खिलाड़ी कर्नाटक को रवाना

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सोमवार की रात इंदिरा चौक पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधायक शिव अरोड़ा ने रूद्रपुर के 22 पेंचक सिलाट खिलाड़ियों और दो प्रशिक्षकों को 13वीं सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता के लिए रवाना किया। यह प्रतियोगिता 26 से 28 सितंबर तक कर्नाटक की कोप्पल सिटी में आयोजित होगी।

विधायक शिव अरोड़ा ने खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त किया और उन्हें प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज हमारे रूद्रपुर के 20 पेंचक सिलाट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। विश्वास है कि ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे और हमें गर्व महसूस कराएंगे। मैं इन सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं



और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। खिलाड़ियों को अपने खेल के प्रति समर्पण और मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। ये खिलाड़ी अपने खेल के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहेंगे और अपने प्रदर्शन से उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे। विधायक ने पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड के महासचिव और प्रदेश के मुख्य प्रशिक्षक बबलू दिवाकर को भी बधाई दी।इस दौरान किरन विर्क,संतोष पाल,बिट्टू शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रतिभाग करने वालों में जेनिका धामी, अंशिका मिश्रा अभिनव मिश्रा, मनन नेगी, सार्थक प्रताप राव, हर्षिता तेवतिया,कार्तिकेय सक्सेना, चैतन्य सिंह राणा, प्रिंस सिंह, हर्षिका गौर, अथर्वा दास, संची गंगवार, प्रिया कुमारी,मान्या शर्मा, तन्वी नेगी, प्राची रावत,मन्नत गंगवार, नव्या भारद्वाज, अनमोल, अतुल कुमार, सुमित यादव, आदित्य कश्यप समेत टीम के प्रशिक्षक अंकित सिंह,तनुजा बुंगल।

## NEWS / फटाफट

### प्राचार्य प्रो. विद्यालंकार ने छात्र संघ के महत्व के बारे में दी जानकारी




**नैनीताल ।** जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में सोमवार को छात्र संघ निर्वाचन-2025-26 की अधिसूचना जारी की गई। छात्र संघ निर्वाचन के संबंध में प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार की अध्यक्षता में संभावित प्रत्याशियों एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ एक बैठक की गई। बैठक में प्राचार्य ने संभावित प्रत्याशियों को छात्र संघ का महत्व, उद्देश्य के संदर्भ में विस्तार से बताया तथा सहयोग की भावना के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण संपादित करने की आशा के साथ ही छात्र.छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया। छात्र संघ प्रभारी डॉ. तरुण कुमार आर्य ने लिंगदोह समिति के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों से छात्र.छात्राओं को अवगत कराया। थानाध्यक्ष विजय सिंह नेगी द्वारा छात्र छात्राओं की शंकाओं का समाधान करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में पुलिस प्रशासन की भूमिका स्पष्ट की। बैठक में डॉ. जयति दीक्षित, डॉ0 ईप्सिता सिंह, डॉ. दीपक, डॉ. निर्मला सहित संभावित प्रत्याशियों में से सुनील कुमार, ज्योति रिखाडी, नीरज कुमार, आरती, सुमन तथा हिमानी बिष्ट व हिमानी भंडारी उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में पर्यटकों को वाहन चलाना पड़ा भारी

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में देर रात पर्यटकों को शराब के नशे में वाहन चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद पर्यटक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन सीज कर दिया । जानकारी के अनुसार रविवार देर रात मल्लीताल में पुलिस चैकिंग में जुटी हुई थी। इस दौरान तेज गति से आती आरजे 29 यूए 99149 को पुलिस ने रोका। पुलिस ने वाहन चालक से पूछताछ की तो वह शराब के नशे में प्रतीत हुआ। पुलिस ने चालानी कार्रवाई की बात कही तो पर्यटक आनाकानी करने लगे लेकिन पुलिस ने जब अस्पताल में कराए गए मेडिकल के चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। जिस पर पुलिस ने चालक की गिरफ्तारी कर वाहन को कब्जे में लड़ लिया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में बरातपुर राजस्थान निवासी कन्हैया लाल के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया है।

### नैनीताल में पालतु कुत्ते के काटने से महिला घायल

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पालतू कुत्ते के काटने से महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। महिला ने कुत्ते के स्वामी से इलाज का खर्च दिखाने की मांग को लेकर थाने में शिकायती पत्र दिया है। बता दें कि दमुवाढूंगा हल्द्वानी निवासी अर्चना ने तल्लीताल थाने में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि वह बीते सप्ताह नैनीताल आई हुई थी, उसको तल्लीताल रामलीला स्टेज के समीप एक पालतू कुत्ते ने काट लिया जिसके चलते पैर में बड़ा घाव हो गया है। महिला ने उसके इलाज में हुए खर्च कुत्ते के स्वामी से दिलाने की मांग की है। मामले में तल्लीताल थाने के एसओ मनोज सिंह नयाल ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

### जिपं उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट ने ज्योलीकोट और देवीधूरा में ग्रामीणों से मुलाकात की



**नैनीताल ।** जिला पंचायत की उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट ने सोमवार को ज्योलीकोट व देवीधूरा में लोगों के साथ बैठक कर क्षेत्र की परेशानियों को जाना। उन्होंने ग्रामीणों से खुली बैठकों में अपनी समस्याएं रखने व समस्याएं उनको लिखित रूप में देने की बात कही। बता दें कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट ने ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों से मिलना शुरू कर दिया है। वह इन दोनों गांव- गांव जाकर लोगों की समस्याएं जान रही हैं। सोमवार को उन्होंने ज्योलीकोट व देवीधूरा में बैठक कर लोगों से मुलाकात की साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए हर प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत से संचालित योजनाओं का वह ग्रामीणों को पूरा लाभ दिलाएंगी। इस दौरान उनके समर्थक भी उनके साथ रहे।



# पौधरोपण कर लिया धरा को हरा-भरा रखने का संकल्प

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण अभियान 433वें दिन जारी रहा।

सोमवार को डीडीहाट में अभियान के 433 वें दिन जयश्री जया गुरुरानी ने अपने जन्मदिन पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने दादाजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरु रानी की स्मृति में स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी स्मृति पौध लगाया। इस दौरान जय गुरुरानी ने कहा कि अब वह अपने हर जन्मदिन पर पौधारोपण करेंगी ।उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान से सभी को जुड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनके दादा स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी प्रकृति प्रेमी रहे अब उनके पिताजी दिनेश गुरु रानी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रीमती निरंजना गुरुरानी, हर्षित गुरुरानी, नवल गुरुरानी, नरेंद्र सिंह, हर सिंह, निरंजन चूफाल तथा भोला उपस्थित रहे । इधर दिनेश गुरुरानी ने कहा कि अब उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# शारदीय नवरात्र में नैनीताल के मंदिरों में मां के जयकारों की रही गूंज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शारदीय नवरात्र के पहले दिन यानी सोमवार को नैनीताल के श्री मां नयना देवी मंदिर समेत सभी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक भकतों की काफी भीड़ लगी रही। भकतों की भीड़-भाड़ से नगर के मंदिरों का वातावरण भकतिमय बना रहा। मां नयना देवी मंदिर समेत नगर के अधिकांश मंदिरों को बिजली की आकर्षक मालाओं से सजाया गया है।

मां नयना देवी मंदिर के पुजारी पंडित गणेश जोशी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां नयना देवी मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। भक्त मां के दर्शन कर पूजा अर्चना के बाद आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। मां नयना देवी मंदिर के साथ ही हनुमानगढ़ी, स्नोव्यू स्थित देव मंदिर के साथ ही मां पाषाण देवी मंदिर समेत सभी मंदिरों में भकतों ने उपवास रखकर विशेष पूजा अर्चना की।

दूसरी ओर नवरात्र के चलते लोगों के घरों में भी भजन कीर्तनों का दौर शुरु हो गया है। लोग इन दिनों विशेषकर महिलाएं समूहों में एक दूसरे के घर जाकर सामूहिक पूजा अर्चना कर रही है। कुल मिलाकर नैनीताल तथा आस पास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र के पहले दिन भकतों की भीड़-भाड़ से खूब रौनक देखने को मिली।



# त्योहारी सीजन में बढ़ते ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शहर में हर साल त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ते ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन ने इस बार कमर कस ली है। सोमवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिसमें पुलिस, यातायात विभाग, सीपीयू, व्यापार मंडल और ठेली-फड़ व्यापारियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।बैठक का मुख्य उद्देश्य दीपावली और अन्य आगामी त्योहारों के दौरान शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना,बाजार क्षेत्र में भीड़भाड़ को नियंत्रित करना रहा। बैठक में सभी पक्षों से सुझाव आमंत्रित किए गए और विस्तृत चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि इस बार दीपावली पर मुख्य बाजार में लगने



वाले अस्थायी ठेली-फड़ बाजार को गांधी पार्क में स्थानांतरित किया जाएगा। महापौर ने स्पष्ट किया कि बाजार में दुकान लगाने की अनुमति केवल स्थानीय पंजीकृत व्यापारियों को ही दी जाएगी। बाहरी व्यापारियों को इस बार दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।अस्थायी व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। बिना पंजीकरण के दुकान लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनका सामान जब्त किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के उपरांत दुकानों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

**बाजार में लागू होगी नो एंट्री, अतिक्रमण पर सख्ती:** त्योहारों को देखते हुए मुख्य बाजार क्षेत्र में शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक चारपहिया वाहनों की नो एंट्री लागू की जाएगी। साथ ही, गांधी पार्क में व्यापारियों और

**तैयारी**

- गांधी पार्क में लगेगा अस्थायी बाजार
- महापौर ने पुलिस प्रशासन और व्यापारियों से बनाई रणनीति

आम नागरिकों के लिए वैकल्पिक पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। भीड़भाड़ को नियंत्रित करने और ट्रैफिक सुचारू रखने के लिए बाजार की सड़कों के दोनों ओर सफेद पट्टी लगाई जाएगी, जिसके बाहर न तो वाहन पार्क किए जा सकेंगे और न ही कोई अतिक्रमण सहन किया जाएगा। संयुक्त टीम मंगलवार शाम को पूरे बाजार क्षेत्र का सर्वे और चिन्हीकरण करेगी, जिसमें पुलिस और व्यापार मंडल की टीम भी शामिल रहेगी। यह अभियान काशीपुर बाईपास रोड से शुरू किया जाएगा।

**अतिक्रमण की रोजाना होगी निगरानी, बनेगी संयुक्त टीम:** आयोजित बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बार-बार हिदायत देने के बावजूद कई दुकानदार पुन: अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। इससे निपटने के लिए नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम बनाई जाएगी, जो प्रतिदिन बाजार क्षेत्रों और प्रमुख सड़कों का निरीक्षण करेगी।दुकानों का सामान सड़कों पर पाया जाएगा तो त्वरित कार्रवाई करते हुए चालान और सामान जब्त किया जाएगा।

बैठक में नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सीओ सिटी प्रशांत कुमार,टीआई नरेन्द्र कुमार आर्य,एसएसआई नवीन बुधानी, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार खत्री,एसआई सीपीयू दिनेश चंद्र उप्रेती,देवेंद्र कुमार, देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, प्रांतीय उधोग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, मुख्य बाजार के पार्षद चिराग कालड़ा समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## कर्तव्य बोध

*प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर सांसदों को कर्तव्य बोध कराते हुए सुझाव दिया कि मतदाताओं के साथ सम्पर्क बनाये रखने के लिए मासिक 'टिफिन मीटिंग' आयोजित करें। सांसदों को जनता, विशेष रूप से ग्रामीण लोगों से जुड़ने की अत्यंत आवश्यकता है। सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी के अभाव में कई परिवार कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर योजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन की निगरानी करें। सांसदों की जिम्मेदारी है कि वह जरूरतमंदों तक मदद को सुनिश्चित करें।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार कहते रहे हैं कि संसद सदस्य जनता से सदैव सम्पर्क बनाये रखें। भाजपा सांसदों की कार्यशाला में प्रधानमंत्री मोदी एक सांसद के रूप में शामिल हुए और अंतिम पंक्ति में पूरे समय बैठे रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर सांसदों को कर्तव्य बोध कराते हुए सुझाव दिया कि मतदाताओं के साथ सम्पर्क बनाये रखने के लिए मासिक 'टिफिन मीटिंग' आयोजित करें। सांसदों को जनता, विशेष रूप से ग्रामीण लोगों से जुड़ने की अत्यंत आवश्यकता है। सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी के अभाव में कई परिवार कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर योजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन की निगरानी करें। सांसदों की जिम्मेदारी है कि वह जरूरतमंदों तक मदद को सुनिश्चित करें। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित कर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने लोकसभा चुनाव में विजयी होकर सरकार बनाई थी। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और जनहित में किये गये फैसलों से अकेले भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ। इसके बाद भाजपा के अधिकतर सांसदों ने जनता से सम्पर्क करना कम कर दिया। सांसदों को गलतफहमी हो गई कि मोदी के चेहरे पर चुनाव जीत जायेंगे। सांसदों ने हाईकमान में विराजमान अपने आकाओं की परिक्रमा और चाटुकारिता करके सिर्फ और सिर्फ चुनाव में टिकट की जुगाड़ पर ध्यान दिया। जनता से दूरी के कारण वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से वंचित रह गई, हालांकि सहयोगी दलों की मदद से बहुमत साबित करके सरकार बना ली। भाजपा की सीटें कम होने से विपक्षी गठबंधन के हौसले बुलंद हैं। विपक्ष का कहना है कि मोदी के चेहरे पर आने वाले समय में चुनाव जीतना कठिन हो जायेगा। सच यह है कि सिर्फ लोकसभा ही नहीं राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को मोदी के चेहरे पर ही जीत की उम्मीद रहती है। प्रधानमंत्री मोदी को लेशमात्र भी भ्रम नहीं है, वह सांसदों और विधायकों से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर काम करने का आह्वान करते हैं। यह बात सही है कि चुनाव किसी नेता के चेहरे पर नहीं, बल्कि कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि के जनसम्पर्क पर जीते जाते हैं। जनप्रतिनिधि जनहित को प्राथमिकता देंगे तो मतदाता चुनाव में पुनः उन्हें चुनेंगे।

# बवाल: पटवारी से परेशान प्रापर्टी डीलर ने दी जान

**लालकुआं**

**हमारे संवाददाता**

हल्दुचौड़ के प्रॉपर्टी डीलर एवं समाजसेवी महेश जोशी की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत के बाद क्षेत्र में बवाल मच गया। मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट में पटवारी का नाम दर्ज होने पर सोमवार शाम ग्रामीणों ने शव के साथ लालकुआं कोतवाली पहुंचकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीण आरोपी पटवारी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब तीन घंटे तक डटे रहे।

स्थिति तब शांत हुई जब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पटवारी पूजा रानी को हिरासत में लेने की कार्रवाई की और वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए रामनगर कोतवाली में पूछताछ का दृश्य ग्रामीणों को दिखाया। इसके बाद देर रात जाकर ग्रामीण माने। जानकारी के अनुसार बबूर गुमटी निवासी महेश जोशी (54) ने गत दिवस लालकुआं तहसील के समीप जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें पहले हल्द्वानी और फिर भोजीपुरा के राममूर्ति अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार शाम लगभग 5:45 बजे



जब परिजन शव लेकर लालकुआं कोतवाली पहुंचे तो लोगों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए और मृतक को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल और पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग पटवारी की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। बाद में मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, एसडीएम रेखा कोहली, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, सीओ दीपशिखा अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने ग्रामीणों को समझाकर स्थिति को काबू में किया। विधायक ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई सारी शिकायतें आई थी, तहसील दिवस के दिन एसडीएम से लापरवाही पर उक्त का वेतन रोकने की कार्रवाई को भी कहा गया था, दोषी के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। धरना प्रदर्शन में कनिष्ठ प्रमुख कमल भंडारी, ग्राम प्रधान रुक्मणी नेगी, वरिष्ठ समाजसेवी हेमवती नंदन दुर्गापाल, कमलेश चंदोला, इंदर सिंह बिष्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित विजय दुमका सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। महेश जोशी अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्रियां और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है, जबकि परिजन व ग्रामीण राजस्व विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नशे के इंजेक्शन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान सैकड़ों की संख्या में नशे के इंजेक्शन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है बीती रात बनभूलपुरा में तैनात एस आई मनोज यादव अपने दलबल के साथ गश्त कर रहे थे गश्त करते पुलिस कर्मी बरेली रोड से होते हुए आंवला चौकी गेट से होते हुए गाया जाली विश्राम गृह के समीप पहुंचे अभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा यह देख पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया जो पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली तो उसके पास से नशे के 200 इंजेक्शन बरामद हुए पुलिस ने उसे गहनता से पूछताछ की फोकस करने अपना नाम जुबेर पुत्र मोबीन निवासी उजाला नगर बताया, नशे के सौदागर ने बताया कि वह इंजेक्शन किच्छा बहेड़ी आदि क्षेत्रों से सस्ते दामों पर खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों पर बेचता है इतना ही नहीं उसने यह भी बताया कि वह कुछ मेडिकलों पर भी इंजेक्शन की खेप सप्लाई करता है।

# नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ आकाश गंगवार के निर्देशन में हुआ पौधरोपण व स्वच्छता ही सेवा अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार के निर्देशन में सोमवार को रूसी बाईपास खुर्पाताल बीट कक्ष संखया 4 मनोरा वन क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान (स्वच्छ भारत मिशन) एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुखय अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या रही। कार्यक्रम के तहत में कचनार, मकौल, तुषारू, दुधिला इत्यादि प्रजातियों के0 1000 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत स्वच्छ, हरित, जीरो वेस्ट बनाने का संकल्प एवं एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग द्वारा किये जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम की प्रशंसा की गई साथ ही उनके द्वारा गुजारिश की गयी कि हम केवल पौधे लगाये ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण करें, ताकि वे मजबूत वृक्ष बनकर आने समय में समाज और प्रकृति का अमूल्य उपहार बन सकें। स्वच्छता ही सेवा



अभियान के अन्तर्गत सडकों, सार्वजनिक स्थानों, अछुए तथा उपेक्षित क्षेत्रों की सफ ई, जन जागरूकता बढाना तथा स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लेने हेतु समस्त उपस्थित जनमानस से आग्रह किया। अपने संबोधन में आकाश गंगवार प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 17 सितंबर से लेकर 2 अकटूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नैनीताल वन प्रभाग की विभिन्न रेंजों में स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम किया जायेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट समेत नितिन कार्की मण्डल अध्यक्ष भाजपा,मनोज जोशी विधायक प्रतिनिधि एवं मण्डी समिति सलाहाकर, डॉ0 बबीता मनराल ग्राम प्रधान बेलुवाखान, श्रीमती लता रौतेला वन पंचायत सरपंच बेलुवाखान, विक्रम कनवाल पूर्व बी0डी0सी0 सदस्य समेत जीवन सिंह,प्रेमा मेहरा, मुकेश मेहरा, मनमोहन सिंह कनवाल, ममता चन्द उप प्रभागीय वनाधिकारी, मुकुल चन्द्र शर्मा,ललित मोहन कार्की,मनोज भगत, आनन्द लाल,योगेश तिवारी तथा नैनीताल वन प्रभाग के विभिन्न वन क्षेत्रों से आये अधिकारी/कर्मचारी तथा विभिन्न ग्राम सभाओं से आये ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# शारदीय नवरात्रि

## नवरात्रि का दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी को समर्पित



*नवरात्रि के दूसरे दिन, देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप, मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। इस दिन उनकी पूजा करने से आपके जीवन की सारी परेशानियां दूर होती हैं। मां ब्रह्मचारिणी को ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी का अर्थ है आचरण करने वाली। कठोर तपस्या और ब्रह्मचर्य का पालन करने वाली मां ब्रह्मचारिणी को शत शत नमन है। मान्यता है कि नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से जीवन में अच्छे गुण आते हैं। साथ ही आपके अंदर त्याग, सदाचार और संयम की भावना बढ़ती है। ऐसी मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से भक्तों को जीवन में आने वाली सभी बाधाओं और कठिनाइयों से मुक्ति मिलती है। यह तप, त्याग, संयम और सदाचार जैसे गुणों को भी बढ़ावा देती है, जो आध्यात्मिक उन्नति के लिए आवश्यक माने जाते हैं। आइए जानते हैं कैसे पड़ा मां दुर्गा का नाम ब्रह्मचारिणी। साथ ही जानें मां का प्रिय भोग, मंत्र और आरती। नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के तपस्विनी रूप की पूजा होती है। शास्त्रों के अनुसार, मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया था। नारद मुनि के कहने पर, उन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। हजारों वर्षों तक उनकी कठोर तपस्या के कारण ही उन्हें तपस्विनी या ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। इस कठिन तपस्या के दौरान, उन्होंने कई वर्षों तक बिना कुछ खाए-पिए कठोर तपस्या की और महादेव को प्रसन्न किया। उनके इसी तप के प्रतीक के रूप में नवरात्र के दूसरे दिन इनके इसी रूप की पूजा और स्तवन किया जाता है। नवरात्रि के दूसरे दिन, मां के इस रूप की पूजा उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण के प्रतीक के रूप में की जाती है। यह दिन हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा और दृढ़ निश्चय से हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।*

### मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप

*मां ब्रह्मचारिणी, ज्ञान और विद्या की देवी हैं, जो अपने भक्तों को विजय दिलाती हैं। देवी का रूप अत्यंत सरल और सुंदर है। श्वेत वस्त्र धारण किए, एक हाथ में अष्टदल की माला और दूसरे हाथ में कमंडल लिए हुए हैं। ब्रह्मचारिणी का अर्थ है ब्रह्मचर्य का पालन करने वाली। यह देवी, संसार के सभी जीवों और निर्जीव वस्तुओं के ज्ञान की स्वामिनी हैं। इनके हाथों में मौजूद अक्षयमाला और कमंडल, शास्त्रों और तंत्र-मंत्र के ज्ञान का प्रतीक हैं। अपने भक्तों को यह अपनी सर्वज्ञ संपन्न विद्या देकर विजयी बनाती है। ब्रह्मचारिणी का स्वभाव बहुत ही शांत और दयालु है। दूसरी देवियों के मुकाबले में यह देवी जल्दी प्रसन्न होती हैं ।*

# नैनीताल में कशिश के हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को नैनीताल में उत्तराखंड की बेटी कशिश के हत्यारे को फ ांसी की सजा माफ किए जाने के विरोध में रैली निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त किया गया। रैली के बाद राष्टपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि अपराधी की फ ांसी की सजा बरकरार रखी जाय। कहा कि इस एकतरफ ा निर्णय पर पुनर्विचार किया जाय। रैली में जीवंती भट्ट, कविता गंगोला, मीरा बिष्ट, प्रखंड अध्यक्ष राजीव शाह, बजरंग दल संयोजक मनोज कुमार तथा कन्हैया जयसवाल, राहुल, सोनू, विवेक वर्मा, भूपी भाई, पंकज, सुमित फुलारा, कुन्दन तिलारा तथा अन्य बजरंग दल कार्यकर्ता व विश्व हिन्दू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# News कॉर्नर

## पुलिस की ढीलाई से टैक्सी चालकों की मौज

**नैनीताल ।** नैनीताल में पुलिस के अभियान में ढील के बाद मॉलरोड फिर टैक्सी वाहनों का अड्डा बन गया है। लोअर मॉलरोड के वाहनों को अपर मॉलरोड में डायवर्ड करने के चलते यातायात प्रभावित हो रहा है। बता दें कि बीते दिनों नैनीताल में प्रशासन तथा पुलिस व संभागीय परिवहन विभाग की ओर से अभियान चलाया गया था। अभियान के चलते मॉलरोड से टैकसी वाहन हटने से सड़क में यातायात सुगम हो गया था लेकिन प्रशासन व पुलिस की ओर से ढील दी गई तो लोगों ने दोबारा मॉलरोड पर वाहन पार्क करना शुरू कर दिया है। बीते सप्ताह लोअर मॉलरोड पर धंसाव के चलते अब पूरा यातायात अपर मॉलरोड पर डायवर्ड किया गया है। जिसके चलते अपर मॉलरोड पर यातायात बढ़ गया है। ऐसे में सड़क किनारे पार्क टैकसी वाहन यातायात को बाधित कर रहे हैं लेकिन पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क कर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## रामनगर छात्र संघ अध्यक्ष के लिए दीपक व सचिव के लिए विजय प्रत्याशी घोषित

**नैनीताल ।** नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया ने 27 सितंबर को होने जा रहे छात्र संघ चुनावों के लिए पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर से अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। सोमवार को जारी पत्र में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शार्दुल नेगी ने दीपक सिंह रावत को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार और विजय बिष्ट को सचिव पद का प्रत्याशी घोषित किया। एनएसयूआई नेताओं का कहना है कि संगठन ने युवाओं की सक्रियता और कॉलेज के हित में किए गए कामों को देखते हुए दोनों प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

# अनूंठी पहल: सुनकिया गांव ने लॉन्च किया सामुदायिक होमस्टे घस्यारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के मुकतेश्वर में सतत पर्यटन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुकतेश्वर के समीप स्थित छोटे से गाँव सुनकिया की महिलाओं ने सोमवार को आधिकारिक रूप से घस्यारी का साफ्ट लॉन्च किया। यह एक अनोखी महिलाओं द्वारा संचालित सामुदायिक होमस्टे पहल है।

बता दें कि उद्यम, स्थानीय पर्यटन विशेषज्ञों और ग्रामीणों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गाँव के परिवारों को पारंपरिक कृषि आधारित आजीविका से आगे बढ़ाकर अतिरिक्त आय के अवसर प्रदान करना है। इस



परियोजना का मुखय लक्ष्य मेहमानों को सरल और सच्चे पहाड़ी जीवन से परिचित कराना है। महिलाएँ जिन्हें घास काटने के अपने कार्य के कारण घस्यारी कहा जाता है अब अपने घर और जीवन अनुभवों को पर्यटकों के साथ बाँट रही हैं। प्रत्येक महिला ने अपने घर का एक कमरा अतिथियों के लिए मुहैया कराया है जिससे मेहमानों को ग्रामीण जीवन का वास्तविक अनुभव मिल सके। इस मॉडल के माध्यम से महिलाएँ खेती तथा लकड़ी इकट्ठा करने और घरेलू जिमेदारियों के साथ अब उद्यमी की नई भूमिका भी निभा रही हैं।

इस पहल की तैयारी के लिए महिलाओं के समुदाय को उद्यम सहेली कार्यक्रम उद्यम मेटोर्स ट्रस्ट द्वारा 2017 से संचालित जो पहाड़ों में ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देता है के अंतर्गत पूर्ण और समग्र सहयोग प्रदान किया गया। व्यवसायिक मार्गदर्शन और सूक्ष्म ऋण की सुविधा से महिलाओं ने अपने कमरों का नवीनीकरण किया जिसमें पारंपरिक पत्थर और लकड़ी का उपयोग कर कुमाऊंनी वास्तुकला की सुंदरता को बरकरार रखा गया।

उद्यम का मानना है कि यह समुदाय आधारित मॉडल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनेगा और उम्मीद है कि इसे पूरे उत्तराखंड में दोहराया जाएगा। घस्यारी केवल ठहरने की जगह नहीं है यह जिममेदार ग्रामीण पर्यटन के द्वार खोलता है स्थानीय महिलाओं के लिए स्थायी आय के अवसर प्रदान करता है और पर्यटकों को कुमाऊँ की असली सांस्कृतिक झलक दिखाता है। मेहमान यहाँ न केवल गाँव के जीवन और परंपराओं से जुड़ते हैं बल्कि इन महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण में भी सीधा योगदान करते हैं। जो भी लोग होम स्टे का फायदा लेना चाहते हैं वह संपर्क हेतु ललिता सचिव (9917549955) तथा मीडिया संपर्क अंजली नबियाल (9410183866) में संपर्क कर सकते हैं।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने हरियाली का संदेश दिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भीमताल स्थित ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए हेड़ियागांव और हल्द्वानी रुद्राक्ष वाटिका में पौधरोपण किया। दोनों ही कार्यक्रम विश्वविद्यालय की ईको क्लब और एनएसएस इकाई के संयुक्त प्रयास से आयोजित किए गए।

हेड़ियागांव में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गाँव के लोग, ग्राम प्रधान हेड़ियागांव श्री प्रदीप कुमार, ग्राम प्रधान चाक बहेरी श्रीमती नीलम आर्या एवं बीडीसी सदस्य श्री देवेश कुमार भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की ओर से निदेशक रिटायर्ड कर्नल ए.के. नेयर, डॉ. हेमानी सेमवाल (लीड-इंडस्ट्री कनेक्ट एवं एलुमनाई रिलेशंस) और ईको क्लब समन्वयक डॉ. फरहा खान ने




एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ पौधारोपण किया। यह घोषणा की गई कि पौधरोपणा गांव को हराभरा बनाने की प्रथम कड़ी है तथा आगे चलकर ग्रामवासियों को आत्मनिर्भर बनाने, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने और बच्चों की शिक्षा में भी विश्वविद्यालय सक्रिय सहयोग करेगा। इसी क्रम में हल्द्वानी स्थित रुद्राक्ष वाटिका में भी एनएसएस स्वयंसेवकों और ईको क्लब के सदस्यों ने मिलकर वृक्षारोपण किया। यह स्थल पहले लैंडफिल क्षेत्र था, जिसे गो क्लीन गो ग्रीन-लेट्स मेक इट हैपन संस्था के प्रयासों से साफ कर हरित क्षेत्र में बदला जा रहा है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक श्री मनोज नेगी, विश्वविद्यालय की ईको क्लब टीम और एनएसएस स्वयंसेवकों ने संयुक रूप से पौधारोपण किया।

यह क्षेत्र अब ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भिमताल द्वारा संजोया गया नाम से संरक्षित और सुरक्षित रहेगा। इन दोनों पहलों के माध्यम से ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और सामाजिक सशक्तिकरण तभी संभव है जब शिक्षण संस्थान, विद्यार्थी और समाज एकजुट होकर कार्य करें।

# रामलीला कमेटी तल्लीताल में भगवान महर्षि वाल्मीकि की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अध्यक्ष एवं सरपंच वाल्मीकि सभा गिरीश भईया तथा उनके पुत्र संजीव कुमार (मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा) के नेतृत्व में रामलीला मंचन से पूर्व विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राम सेवक सभा मल्लीताल तथा रामलीला कमेटी तल्लीताल में भगवान महर्षि वाल्मीकि की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई।

पूजा के उपरांत सभा अध्यक्ष गिरीश भईया ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने संस्कृत का प्रथम महाकाव्य रामायण रचकर समाज को धर्म, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित समाजजनों से महर्षि के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान भी किया।

इस दौरान प्रदीप सहदेव, दिनेश कटियार, रोहित कैशले, राजेश, गोपाल सिलेलान, रितुल कुमार महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा, नितिन, रोहित, निखिल, मनोज, अभय, रोनित, गौरव, अनु, अक्षय, कुनाल, सौरव, यश, आलोक, रितेश, कृष्णा, सनी, कवियंस समेत अन्य लोग रहें।



# एनएच के जवाब और अधिकारी के बयान से हाईकोर्ट नहीं हुआ संतुष्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट में नैनीताल जिले में काठगोदाम से लालकुआं तक नेशनल हाइवे के चौड़ीकरण के बाद काठगोदाम, लालकुआं व गौरापडाव तथा तीनपानी में बनाए गए हाईवे के बेतरीब कट के चलते हुए हादसों की बढ़ती दुर्घटनाओं का स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ एनएच के जवाब व अधिकारी के बयान से सन्तुष्ट नहीं हुई।

कोर्ट ने शिकायतकर्ता से कहा कि आप ही इसके सुधार के लिए सुझाव पेश करें साथ में एनएच में दुर्घटनाएं कम हो वे भी अपना प्लान पेश करें। सोमवार को हुई सुनवाई पर एनएच के अधिकारी कोर्ट में पेश हुए लेकिन उनके जवाब से कोर्ट सन्तुष्ट नहीं हुई जबकि कोर्ट में उनके द्वारा हाइवे का डिजिटल मानचित्र भी पेश किया जिसका कोर्ट ने अवलोकन भी किया लेकिन कोर्ट सन्तुष्ट नही हुई। जब इसका उत्तर कोर्ट ने याचिकाकर्ता भुवन पोखरिया से पूछा तो उनके द्वारा कहा गया कि मात्र एक साल के भीतर बेतरतीब बने कटो की वजह से 14 लोगो की जान चली गयी।

अब नेशनल हाइवे कहता है कि ऐसे कटो को उन्हें हटा दिये है। आगे उनके द्वारा यह भी कहा है कि उनके परिवार को मुआवजा दिलाया जाय। अगर कट सही थे तो दुर्घटना होने के बाद क्यों हटाए। अगर दुर्घटना संभावित क्षेत्र था तो कट बनाये ही क्यों? मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाय। पीड़ित परिवारों को मुआजा दिया जाय। मामले के अनुसार चोरगलिया निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भुवन चंद्र पोखरिया व लालकुआं के ग्रामीणों ने मुखय न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा था कि नैनीताल जिले के काठगोदाम से लालकुआं तक सड़क चौड़ीकरण के दौरान काठगोदाम, लालकुआं, गौरापडाव व तीनपानी में बनाए गए बेतरीब कट के कारण पिछले 8 माह में 14 लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी जबकि इन बेतरीब बने कटो के चलते दर्जनों लोग गंभीर घायल हो चुके है। जिनका बाहरी हॉस्पिटलों में ईलाज चल रहा है। याचिका में उच्च न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि एनएच ऑथरिटी से सड़क दुर्घटना में जान गवाने वालों और दुर्घटना में घायल लोगों को मुआवजा दिलाने की प्रार्थना की है। जिसपर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कहा कि एनएच निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार ही होना चाहिए था। एनएच में ऐसी कया खामियां आ गयी जिसकी वजय से दुर्घटनाएं हो रही है। अगर दुर्घटनाएं हो रही है तो उसकी जांच कराई जाए। ओवर स्पीड को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर लगाए जायँ। कोर्ट के सामने यह भी पक्ष रखा गया कि हाल ही में हल्द्वानी में एक व्यति की मौत बस कर्मी के अनुसार हो गयी थी।

# बीएन बेलवाल चौथी बार बने फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

यहां काशीपुर बाईपास रोड सिटी क्लब में आयोजित डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की जिला इकाई के द्विवार्षिक अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान बीएन बेलवाल लगातार चौथी बार संगठन के जिलाध्यक्ष चुने गए हैं। इसके साथ ही केसी विश्वकर्मा जिला मंत्री, सुरेश वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। जबकि रघुवर दत्त कांडपाल को उपाध्यक्ष, हरी प्रसाद को संगठन मंत्री, सुंदर सिंह नेगी को संयुक्त मंत्री, राजीव वर्मा को कोषाध्यक्ष, मनु राही को संप्रेक्षक चुना गया।

संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुधा कुकरेती, प्रांतीय महामंत्री डॉ. सतीश पांडे ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। संगठन हित में काम करने की अपील की। इससे पहले सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने अधिवेशन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि डिप्लोमा फार्मेसिस्टों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। संगठन ने सीएमओ को 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

अधिवेशन में एसीएमओ डॉ. एसपी सिंह, उप निदेशक फार्मेसी आरएस अधिकारी, एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष एमएन गोस्वामी, पीएस राणा, प्रदेश सलाहकार डीके जोशी आदि मौजूद थे। उधर जिलाध्यक्ष बेलवाल ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है,उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम विरेन्द्र सिंह से बदलकर विरेन्द्र सिंह चौहान रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे विरेन्द्र सिंह चौहान नाम से जाना पहचाना जाये। **-विरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र बुद्धा राम, डिफेन्स कालौनी, उत्कर्ष विहार, नियर आर.टी.ओ. ऑफिस, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी (नैनीताल)**

# काठगोदाम थाने में तैनात पुलिस कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में एसपी सिटी से काठगोदाम थाने में तैनात पुलिस कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की एफ आई आर में लिखा गया है कि प्रार्थी काठगोदाम का निवासी है तथा सामाजिक कार्यकर्ता है।



20 सितंबर को प्रार्थी का पुत्र नैनीताल रोड स्थित स्कूल से लौटते दोस्तों के साथ स्कूल से घर की ओर बाइक से जा रहा था दोपहर 11:45 बजे निर्मला कान्वेंट स्कूल के निकट प्रार्थी के पुत्र अल्फेद अंसारी को सहपाठी वंश अपनी बुलेट मोटरसाइकिल पर बैठ कर घर छोड़ने जा रहा था तभी सादी वर्दी में एक पुलिसकर्मी उसके साथ दो महिला पुलिसकर्मी कार से उतरे और डांट डबट कर सबसे नाम पूछने लगे तीनों में से जैसे ही प्रार्थी के पुत्र ने अपना नाम बताया है वैसे ही उक्त पुलिस कर्मी ने मुस्लिम नाम सुनकर प्रार्थी के पुत्र को अपशब्द बोलते हुए पंच मारना शुरू कर दिया तथा पेट में भी घुसा मार कर जानलेवा हमला कर दिया वीडियो बनाने पर मोबाइल छीनकर फिर अब शब्द कहने लगा जिससे प्रार्थी का पुत्र बहुत ही भयभीत हो गया जब प्रार्थी थाना काठगोदाम में उक्त घटना की शिकायत करने गया तो थाना काठगोदाम में उक्त पुलिसकर्मी का पक्ष लिया गया तथा प्रार्थी को काठगोदाम थाने में उपस्थित पुलिस कर्मियों द्वारा धमकाया गया प्रार्थी के पुत्र द्वारा उक्त घटना की वीडियो बना ली गई थी उक्त पुलिस कर्मी द्वारा जबरन मोबाइल छीन कर वीडियो को डिलीट करने का प्रयास किया गया रात में पीटे जाने की वजह से मेरे बेटे के पेट में दर्द होने लगा तो मेरे बेटे को सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में डॉक्टर को दिखाया गया इलाज का परचा व मेडिकल संलग्न है उक्त पुलिसकर्मी नशा किया हुआ था महोदय उक्त जानलेवा हमला करने वाले पुलिसकर्मी का नाम प्रार्थी को पता नहीं है तथा वह थाना काठगोदाम में तैनात है जिसकी पहचान वीडियो देखने के बाद हो सकती है, महोदय उक्त घटना के बाद पार्टी का पुत्र बहुत ही भयभीत है तथा उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है तथा उसका भविष्य बर्बाद होने के कगार पर है अतः महोदय से निवेदन है कि उक्त घटना का संज्ञान लेकर वीडियो के आधार पर उपरोक्त पुलिसकर्मी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की कृपा करें, अन्यथा वह कभी भी प्रार्थी के पुत्र तथा उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय वारदात कर सकता है। प्रार्थी अनवर अंसारी पुत्र श्री अबरार अंसारी निवासी कलटेक्स काठगोदाम जिला, नैनीताल एसपी से मिलने वालों में सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, नवीन मूलनिवासी, विकास कुमार, हरीश लोधी, आकाश भारती, फ़िरोज़ खान, महेश चंद्र आर्य, कमल आर्य, राजू, मुन्ना, वंश, स्वस्तिक हैं।